स्वतंत्रता संघर्ष में काकोरी कांड है मील का पत्थर– अनिरुद्व सिंह

देवरिया।। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत आज नगर के सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया के छात्रों द्वारा काकोरी कांड के शहीदों के याद में संचलन (फेरी) निकाली गई जिसमें छात्र भेया विद्यालय से निकलकर मुहल्ले के विभिन्न मार्गों से होते हुये वापस विद्यालय प्रांगण में संचलन समाप्त किया। इस संचलन में कक्षा नवम से उपर के छात्र भैया व आचार्य सम्मिलित रहे। विद्यालय प्रांगण में छात्रों के पहुँचने के पश्चात विद्यालय के माधव सभागार काकोरी कांड से सम्बन्धित 10 मिनट की डाक्युमेन्ट्री फिल्म प्रदर्शन प्रोजेक्टर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम मा0. प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह, अमरेन्द्र उपाध्याय, अशोक यादव एवं छात्र सांसदो द्वारा शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्वांजलि दी गई। इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह ने कहा कि देश के आजादी के लडाई में क्रान्तिकारी युवाओं की कहानिया अजर–अमर है, इन्ही कहानियों में एक कहानी काकोरी कांड की है जिसमें अमर शहीद पडिंत राम प्रसाद विस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएसन के क्रान्तिकारी साथियों ने स्वतंत्रता की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर करने के लिये इस घटना को अंजाम दिया । यह घटना आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। काकोरी कांड पर प्रकाश डालते हुये प्रधानाचार्य जी ने कहा कि गाँधी की अहिंसा नीति के उलट जब युवा क्रान्तिकारियों ने अंग्रेजों को उनके अत्याचार का जबाब उनकी ही शैली में देना शुरु किया तो ब्रिटिश शासन हिल उठा । शहीदों का जोश, समर्पण त्याग और देशप्रेम आज भी प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के संयोजक आचार्य श्री अमरेन्द्र उपाध्याय जी रहे एवे संचालन का कार्य आचार्य श्री अशोक यादव ने किया। कार्यक्रम में आचार्य श्री विनोद मिश्र, चन्द्र प्रकाश सिंह, मनोज कुन्दन, हरिनाथ त्रिपाठी, प्रेम विकास तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

प्रधानाचार्य